# भारत का सबसे बड़ा हाइपरस्केल डेटा सेंटर

## प्रिलिम्स के लिये:

5G, Yotta D1, NIC, ई-गवर्नेंस

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय डेटा केंद्र नीति की आवश्यकता, ई-गवर्नेंस में डेटा केंद्रों की भूमिका।

## चर्चा में क्यों?

**उत्तर भारत के पहले हाइपरस्केल डेटा सेंटर 'योट्टा D1' का उद्घाटन करते हुए** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य ने अपनी डेटा सेंटर नीति शुरू करने के एक साल के भीतर 20,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ **250 मेगावाट भंडारण क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य हासिल किया है।**

## योट्टा D1 (Yotta D1):

- **परिचय:**
  - 5,000 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया Yotta D1, **देश का सबसे बड़ा और उत्तर प्रदेश का पहला डेटा सेंटर है।**
    - यह डेटा सेंटर पार्क, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में 3 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है।
- **महत्त्व:**
  - डेटा सेंटर देश की डेटा भंडारण क्षमता को बढ़ाएगा, जो अब तक केवल 2% थी,**जबकि इस तथ्य के बावजूद कि दुनिया का 20% डेटा भारतीयों द्वारा उपभोग किया जाता है।**
  - निवेश और विशाल रोज़गार के नए अवसर पैदा करते हुए इससे [सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP)](#) में उल्लेखनीय वृद्धि होने की भी उम्मीद है।
  - Yotta D1 में वैश्विक क्लाउड ऑपरेटरों के लिये **इंटरनेट पीयरिंग एक्सचेंज** और डायरेक्ट फाइबर कनेक्टिविटी की सुविधा है, जो **इसे वैश्विक कनेक्टिविटी के लिये बेहद उपयोगी बनाता है।**
    - Yotta D-1 उत्तर भारत की 5G क्रांति का पहला स्तंभ होगा।
  - भारत का डेटा एनालिटिक्स उद्योग वर्ष 2025 तक 16 बिलियन डॉलर से अधिक पहुँचने का अनुमान है। इसलिये **डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर** में निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देना सही दिशा में एक कदम है।
  - डेटा पार्क की मौजूदगी से गूगल और ट्विटर जैसी बड़ी कंपनियों को डेटा को होस्ट करने,**संसाधित करने एवं संग्रहीत करने के लिये डेटा केंद्र स्थापित करने की अनुमति मिल जाएगी।**
    - इस केंद्र से **[5जी](#) और एज़ डेटा सेंटर** शुरू होने से उपभोक्ताओं को तेज़ गति से वीडियो और बैंकिंग सुविधाओं तक आसान पहुँच प्राप्त होगी।

## भारत के डेटा उद्योग की विकास यात्रा:

- **कोविड-19 का प्रभाव:**
  - भारतीय डेटा सेंटर बाज़ार वर्तमान में **6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है** और **कोविड -19 संकट** ने डेटा सेंटर व्यवसाय को एक अप्रत्याशित गति और विस्तार प्रदान किया।
  - विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी अपनाने के साथ ही डिजिटलीकरण को विश्व स्तर पर तेज़ी से विस्तारित किया गया और **भारत ने भी विगत कुछ वर्षों में कम-से-कम एक दशक की छलाँग लगाई है।**
  - लॉकडाउन और उसके बाद के प्रतिबंध बैंकिंग, शिक्षा एवं खरीदारी आदि जैसे क्षेत्रों में डिजिटलीकरण **हेतु काफी सहायक बने।**
    - इससे देश भर में डेटा खपत और इंटरनेट बैंडविड्थ का उपयोग बढ़ गया।
- **NIC डेटा सेंटर:**
  - [राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)](#) ने दिल्ली, पुणे, हैदराबाद और भुवनेश्वर में NIC मुख्यालयों एवं विभिन्न राज्यों की राजधानियों में

37 छोटे डेटा केंद्रों में **अत्याधुनिक राष्ट्रीय डेटा केंद्र (NDC)** स्थापित किये हैं।
        - **पहला डेटा सेंटर 2008 में हैदराबाद में शुरू किया गया था।**
    - ये NDC भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों के तहत सेवाएँ प्रदान करने **भारत में [ई-गवर्नेंस](#) अवसंरचना की मूल हैं।**
    - पूर्वोत्तर क्षेत्र (NEDC) के लिये **पहले NDC की आधारशिला फरवरी 2021 में गुवाहाटी, असम में रखी गई थी।**
- **वर्तमान और आगामी डेटा केंद्र:**
    - **वर्तमान में भारत में लगभग 138 डेटा केंद्र हैं,** जिनमें वर्तमान आईटी क्षमता का 57% मुंबई और चेन्नई में है।
        - **मुंबई भारत का प्रमुख कॉलोकेशन डेटा सेंटर क्षेत्र है,** जो पश्चिमी तट पर अवस्थित है, यह जल के नीचे वहाँ पहुँचने वाले विभिन्न केबलों के माध्यम से मध्य-पूर्व और यूरोप से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।
    - **भारतीय डेटा सेंटर उद्योग की क्षमता में पाँच गुना वृद्धि होने की उम्मीद** है जिसमें आने वाले पाँच वर्षों में 1.05-1.20 लाख करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।
        - वर्ष 2025 के अंत तक भारत में **45 से अधिक डेटा केंद्र स्थापित करने की योजना** है।
        - अनुमानित नई आईटी क्षमता (लगभग 1,015 मेगावाट) का 69% से अधिक केवल मुंबई में 51% के साथ मुंबई और चेन्नई में बनाया जाएगा।
        - **इससे भारत में लगभग 2,688 मेगावाट अप्रत्याशित भावी आपूर्ति** की अतिरिक्त संभावना है।
- **डेटा केंद्रों के लिये कानूनी प्रावधान:**
    - इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जल्द ही **डेटा सेंटर के लिये एक राष्ट्रीय नीतिगत ढाँचा तैयार करने** की योजना बनाई है, जिसके तहत 15,000 करोड़ रुपए तक के प्रोत्साहन की भी योजना है।
        - **वर्ष 2020** में एक **मसौदा डेटा केंद्र नीति** भी लाई गई थी।
    - हालाँकि **तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा** जैसे कुछ राज्यों की **अपनी डेटा केंद्र नीतियाँ** हैं।

## आगे की राह

- वर्ष 2025 तक भारत में [डिजिटल अर्थव्यवस्था](#) का आकार $ 1 ट्रिलियन तक होने का अनुमान है और उत्तर भारत पहले से ही **फॉर्च्यून 500 कंपनियों** के लिये एक पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है।
    - इस क्षेत्र की क्षमता और **डेटा सेंटर की मांग को स्वीकार करते हुए डेटा केंद्रों में निरंतर निवेश, डिजिटल इंडिया के लिये एक मज़बूत नींव का निर्माण करेगा।**
- दुनिया भर में कंपनियाँ इस बात पर फिर से विचार कर रही हैं कि वे अपने डेटाबेस और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का निर्माण, वितरण आदि कहाँ करना चाहती हैं।
    - डेटा केंद्र वर्तमान में बहुत सारे निर्णय लेने का आधार हैं (विशेष रूप से एशिया प्रशांत और भारत में)।
    - भारत में नई परियोजनाएँ स्थापित करने की क्षमता है, हालाँकि **मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करते हुए इस क्षमता का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग होना चाहिये।**
- भारत को डेटा केंद्रों में अग्रणी बनाने के लिये **बिजली की लागत को कम करने** की आवश्यकता है क्योंकि डेटा केंद्र के संचालन में यह प्रमुख लागतों में से एक है।
    - यह सुनिश्चित करना भी बहुत महत्त्वपूर्ण है कि इसमें **यथासंभव [नवीकरणीय ऊर्जा](#) का भी उपयोग किया जाए।**

## [स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-biggest-hyperscale-data-centre